www.tamsasanket.com

वर्ष: 29 || अंक 149 || अम्बेडकरनगर

गुरुवार

20 अगस्त 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

» डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

**मौसम**
सूर्योदय: 05:40
सूर्यास्त: 06:40
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 28°00



» पेज 07

**विशेष समाचार** परीक्षा की शुचिता और नौकरी ... » पेज 04 | सजा : सपा के पूर्व एमएलसी ... » पेज 06 | आएशा खान ने शेयर कीं ...

- यूपी में तीन हजार करोड़ के जापानी निवेश से खुलेंगे 10 हजार से अधिक रोजगार के द्वार
- यूपी-जापान निवेश सम्मेलन में कुबोटा और मिंडा के प्रोजेक्ट्स की हुई वर्चुअल ग्राउंड ब्रेकिंग
- यीडा में दो मेगा प्रोजेक्ट की शुरुआत




## यूपी में निवेश करें, हर स्तर पर मिलेगा सहयोग: योगी

# यूपी-जापान की औद्योगिक दोस्ती नई ऊंचाइयों की ओर

मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों की ओर से दिए गए सुझावों को प्रदेश सरकार की टीम ने गंभीरता से लिया है। भरोसा दिया कि निवेशकों के सुझावों और अपेक्षाओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा और जो भी व्यावहारिक समस्याएं सामने आएंगी, उनके समाधान के लिए हर जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

**संवाद**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ/ नई दिल्ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 में जापान के उद्यमियों, बड़ी कंपनियों के सीईओ तथा बिजनेस लीडर्स के साथ संवाद में प्रदेश के औद्योगिक इकोसिस्टम तथा तेजी से बढ़ रहे संसाधनों की जानकारी दी। उन्होंने जापानी निवेशकों का प्रदेश में निवेश के प्रति उत्साह दिखाने के लिए आभार जताया। योगी ने कहा कि नौ वर्षों में यूपी ने 360 डिग्री का व्यापक परिवर्तन हुआ है। इसी बदलाव के कारण राज्य देश के प्रमुख तथा ड्रीम इन्वेस्टमेंट गंतव्य के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा कि सरकार जो कहती है, उसे जमीन पर उतारती है। यूपी में निवेश करें हर स्तर पर सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार केवल घोषणाएं करने में विश्वास नहीं करती, बल्कि जो कहती है, उसे धरातल पर उतारती है।

» (शेष पेज 06 पर)




जापानी कंपनियों को सीएम योगी का बड़ा भरोसा

### सरकार का सहयोग

नई दिल्ली के होटल ताज पैलेस में आयोजित राउंड टेबल मीट में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश करने वाले उद्यमियों और कंपनियों को सरकार की ओर से हर संभव सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। निवेशकों का आह्वान किया कि वे उत्तर प्रदेश आएं और यहां अपनी औद्योगिक एवं कारोबार गतिविधियों का विस्तार करें। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि निवेशकों को किसी भी स्तर पर परेशानी का सामना न करना पड़े।



### निवेशकों की हर परेशानी दूर करने का भरोसा

मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि उत्तर प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को सरकार की ओर से हर संभव सहयोग मिलेगा। निवेशकों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक परेशानी न हो, इसके लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टमेंट मीट के दौरान उद्योग जगत की ओर से दिए गए सुझावों को गंभीरता से लिया गया है। निवेशकों की व्यावहारिक समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए जरूरी कदम उठाए जाएंगे। सरकार का लक्ष्य ऐसा माहौल तैयार करना है, जहां कंपनियां बिना किसी रुकावट के अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकें।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार अपनी नीतियों के दायरे में निवेशकों को हर संभव सहयोग करेगी। सरकार का प्रयास है कि निवेश की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो तथा उद्यमियों को अपने कारोबार के विस्तार पर ध्यान देने के लिए बेहतर वातावरण मिले। सरकार की पूरी टीम निवेशकों के साथ खड़ी है।

### युवा मैनपावर और स्किलिंग बनेगी यूपी की ताकत

सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास बड़ी संख्या में युवा मैनपावर है। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के हिसाब से प्रशिक्षण देने के साथ उनकी स्किलिंग और अपस्किलिंग पर भी काम कर रही है। इसका फायदा प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को सीधे मिलेगा। कंपनियों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के साथ सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी और कारोबार से जुड़ी सुविधाओं को लगातार मजबूत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलती औद्योगिक जरूरतों के मुताबिक यूपी खुद को तैयार कर रहा है।

## बिहार- छात्रों के समर्थन में आरजेडी का लोकभवन मार्च

पटना । बिहार के सीवान में छात्र आंदोलन के दौरान AK-47 से फायरिंग के मामले को लेकर तेजस्वी यादव बुधवार को सड़क पर उतरे। उन्होंने पटना में जेपी गोलंबर से लोकभवन तक मार्च निकाला। करीब 5 किलोमीटर लंबे मार्च में उनके साथ करीब 5 हजार समर्थक मौजूद रहे। समर्थकों के साथ तेजस्वी डाकबंगले पर लगाई बैरिकेडिंग तोड़कर आगे निकल गए। इनकम टैक्स चौराहे पर पुलिस ने वाटर कैनन चलाई। इसके बाद तेजस्वी को हिरासत में लिया गया। हालांकि, एक घंटा बाद उन्हें छोड़ दिया।

तेजस्वी ने कहा कि मैं जेल से डरने वाला नहीं हूं। हमारे भगवान श्री कृष्ण का जन्म जेल में ही हुआ था। जो सत्ता में आया है, उसका जाना तय है।

कुछ कार्यकर्ताओं ने पुलिस के ऊपर पानी की बोतलें भी फेंकीं।

# आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी पर ईडी की रेड

## अखिलेश बोले- भ्रष्टाचारियों पर छापा क्यों नहीं?

**छापेमारी**

तमसा संकेत, एजेंसी




रामपुर । रामपुर जेल में बंद सपा नेता आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी और ट्रस्ट से जुड़े 10 ठिकानों पर बुधवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने छापा मारा। रामपुर में सुबह 7 बजे 6 गाड़ियों से 15 अफसरों की टीम यूनिवर्सिटी के अंदर दाखिल हुई। टीम दस्तावेज खंगाल रही है। बाहर 100 से ज्यादा पुलिसवाले तैनात हैं। इस बीच यूनिवर्सिटी में क्लासेज भी चलीं।

रामपुर के अलावा सहारनपुर और दिल्ली में भी रेड चल रही है। इनमें सहारनपुर के CA दीपक गुप्ता का ऑफिस और घर भी शामिल है। सूत्रों के मुताबिक, ED प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी PMLA के तहत कार्रवाई कर रही है। जांच एजेंसियों के मुताबिक, सरकारी ठेकों से मिले पैसों को कथित तौर पर जौहर यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े ट्रस्ट तक पहुंचाया गया।

- सपा नेता एसटी हसन बोले- आजम साहब हर बार पाक-साफ निकले हैं, इस बार भी निकलेंगे

» (शेष पेज 06 पर)

## कहा- वंदे मातरम् और राष्ट्रगान बीजेपी के लिए राजनीतिक मुद्दे

# वंदे मातरम के दो ही पैरा गाएगी कांग्रेस

वेणुगोपाल ने कहा कि वंदे मातरम् और राष्ट्रगान कांग्रेस के लिए भावनात्मक मुद्दे हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के लिए ये राजनीतिक मुद्दे हैं।

**सीडब्ल्यूसी बैठक में फैसला**

**मंथन**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । इंदिरा भवन में बुधवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की।

बैठक में पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा समेत 88 नेता



शामिल हुए। कांग्रेस ने वंदे मातरम् को लेकर अपना रुख साफ कर दिया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी 1937 में हुई (CWC) की बैठक में लिए गए फैसले का पालन करेगी। इसके तहत पार्टी के कार्यक्रमों में वंदे मातरम् के केवल दो अंतरे गाए जाएंगे।

वेणुगोपाल ने कहा- बैठक में देश के मौजूदा राजनीतिक हालात पर चर्चा के साथ-साथ छात्रों से जुड़े मुद्दों और राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित गड़बड़ी को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर दबाव बढ़ाने की रणनीति पर भी मंथन हुआ।

» (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### मराठी नहीं जानने वाले महाराष्ट्र में ऑटो टैक्सी नहीं चला पाएंगे

मुंबई । मराठी भाषा नहीं जानने वाले ड्राइवर अब महाराष्ट्र में ऑटो-टैक्सी नहीं चला पाएंगे। राज्य में 20 अगस्त से उन ऑटो-रिक्शा और टैक्सी ड्राइवरों के खिलाफ अभियान शुरू होगा, जिनके पास मराठी का 'वर्किंग नॉलेज' यानी कामचलाऊ भाषा का ज्ञान नहीं है।

**आरोप मांग**

### गोवा सरकार ने पत्रकार तेजपाल की उम्रकैद की मांग की

गोवा । गोवा सरकार ने 2013 के यौन उत्पीड़न मामले में तहलका मैगजीन के पूर्व एडिटर-इन-चीफ तरुण तेजपाल की सजा बढ़ाने की मांग की। इसे लेकर राज्य सरकार ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। सरकार ने अपनी याचिका में कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तेजपाल को उम्रकैद की सजा दी जानी चाहिए। बॉम्बे हाईकोर्ट की गोवा बेंच ने 6 अगस्त को तेजपाल को रेप केस में दोषी करार दिया था। कोर्ट ने उन्हें 10 साल की जेल की सजा सुनाई थी। इससे पहले मई 2021 में गोवा की ट्रायल कोर्ट ने सबूतों के अभाव में तेजपाल को बरी कर दिया था।

### दिल्ली के टिकरी कलां में सीएनजी स्टेशन पर जोरदार धमाका

दिल्ली । टिकरी कलां में एक ट्रक में अचानक जोरदार धमाका हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि कई अन्य घायल हो गए हैं। घायलों को तुरंत पास के अस्पताल में ले जाया गया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। दिल्ली के टिकरी कलां में बुधवार को दोपहर के वक्त एक सीएनजी पंप पर जोरदार धमाका हो गया।

# मैं लड़ाई में आदिवासी भाई बहनों के साथ :राहुल गांधी

## केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के प्रभावितों से मिले

**मुलाकात**

तमसा संकेत, एजेंसी

छतरपुर । छतरपुर में केन-बेतवा लिंक प्रोजेक्ट के खिलाफ चल रहे आंदोलन के प्रमुख कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट से प्रभावित आदिवासी परिवारों की समस्याओं, विस्थापन, पुनर्वास और अधिकारों से जुड़े मुद्दों को राहुल गांधी के सामने रखा।

आंदोलन कारियों ने राहुल को बताया कि प्रभावित आदिवासी समुदाय लंबे समय से अपने अधिकारों और न्याय की मांग को



- संसद में मुद्दा उठाने का वादा किया राहुल गांधी ने दिया समर्थन

लेकर सत्याग्रह कर रहा है।

उन्होंने आंदोलन के दौरान सामने आई परेशानियों और प्रभावित परिवारों की मांगों की जानकारी भी राहुल को दी। राहुल ने बुधवार को इसका वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

» (शेष पेज 06 पर)

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बढ़ती उम्र का मतलब अपमान-असुरक्षा नहीं, हाईकोर्ट का फैसला पलटा

# 'बच्चों को प्रॉपर्टी से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता'

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार कहा कि बुजुर्ग माता-पिता को अपने घर में सम्मान और सुरक्षा के साथ रहने का अधिकार है। अगर बेटे या बहू का घर में रहना बुजुर्ग के भरण-पोषण या सुरक्षा में बाधा बन रहा है, तो वह उन्हें अपने बच्चों को घर से बेदखल कर सकते हैं।' जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब अपमान या असुरक्षा के साथ रहना नहीं हैं। सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मान और सुरक्षा का व्यवहार करता है। सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश लखनऊ के रवि कांत गुप्ता से जुड़े मामले में सुनाया।

» (शेष पेज 06 पर)



### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया। कोर्ट ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर ट्रिब्यूनल बेदखली का आदेश दे सकता है।

बुजुर्गों की सुरक्षा और भलाई के लिए ट्रिब्यूनल बच्चों को संपत्ति से निकालने का आदेश दे सकता है। - सुप्रीम कोर्ट



### लखनऊ के मकान से जुड़ा है मामला

रवि कांत गुप्ता लखनऊ के विकास नगर में रहते हैं। उनकी 81 साल की मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा था। आरोप था कि उनके बेटे यानी गुप्ता के पोते ने उन्हें घर में रहने नहीं दिया। आरोप था कि उसके बेटे ने ऐसा व्यवहार किया कि उन्हें घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहना पड़ा। इसके बाद SDM ने 15 नवंबर 2022 को बेटे को मकान से निकालने का आदेश दिया। जिला मजिस्ट्रेट ने 9 अगस्त 2023 को इस आदेश को बरकरार रखा और बेटे-बहू को मकान खाली करने का आदेश दिया।

बेटे और बहू ने एसडीएम और जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी। हाईकोर्ट ने कहा था कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007 के तहत ट्रिब्यूनल को वरिष्ठ नागरिक की संपत्ति से उसके बच्चों को बेदखल करने का अधिकार नहीं है। इसके बाद हाईकोर्ट ने दोनों आदेश रद्द कर दिए।

**जांच :** एसपी ने साफ की जांच की तस्वीर ■ एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार

# 'जेवर मिले नहीं, मौत की वजह भी अनसुलझी'

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के धवरुवा मजरे रूढ़ा गांव में आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्र की मां इंद्रा देवी की संदिग्ध मौत और घर से जेवर गायब होने के मामले में पुलिस ने अब तक की जांच को लेकर तस्वीर साफ की है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने स्पष्ट किया कि एफआईआर में दर्ज जेवर और अन्य सामान अभी बरामद नहीं हुए हैं। सोशल मीडिया पर इनके बरामद होने की प्रसारित खबर को उन्होंने गलत और भ्रामक बताया है। उधर, आशुतोष मिश्र ने भी गायब जेवर नहीं मिलने की बात कहते हुए जांच पर सवाल उठाए हैं।

मौत के कारण को लेकर भी पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। एसपी ने बताया कि तीन डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इसके बाद विसरा सुरक्षित कर एफएसएल भेजा गया है। हृदय को हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए भी भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इंद्रा देवी की मौत किन परिस्थितियों में हुई। आशुतोष मिश्र ने कहा है कि उनकी मां के गायब आभूषण उन्हें नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि यदि आभूषण बरामद हुए हैं तो उन्हें परिवार को सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने मामले की जांच विशेष टीम से कराने के लिए एडीजी जोन से आग्रह किया है, ताकि घटना का जल्द खुलासा हो और किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई न हो। प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है।

» (शेष पेज 06 पर)



### एसपी ने बताया, क्या मिला और क्या नहीं

एसपी प्राची सिंह के मुताबिक घटनास्थल से तुलसी की माला और पीली धातु की कीलनुमा कुछ वस्तुएं मिली थीं। इन्हें परिवार को सौंप दिया गया है। लेकिन एफआईआर में दर्ज जेवर और अन्य सामान की बरामदगी अभी नहीं हुई है। इसलिए मौके से मिली वस्तुओं को चोरी गए जेवर की बरामदगी बताना सही नहीं है।

एसपी के अनुसार घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें जांच में लगी हैं। लोगों से पूछताछ के साथ घटनास्थल और उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है। जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।

# निर्णय : मोदी सरकार रोज एक यूनिवर्सिटी भेजेगी एक केंद्रीय मंत्री

## छात्रों से संवाद और योजनाओं की जानकारी देंगे

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। मोदी सरकार युवाओं से जुड़ने के लिए रोज एक यूनिवर्सिटी में एक केंद्रीय मंत्री भेजने की योजना बना रही है। मंत्री छात्रों से उनकी चिंताओं पर बात करेंगे और देश से जुड़े मुद्दों पर उनका नजरिया समझेंगे।

'वन डे, वन यूनिवर्सिटी' कार्यक्रम के तहत मंत्री तय यूनिवर्सिटी में जाकर छात्रों से अलग-अलग मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वे छात्रों की राय सुनेंगे और खासकर युवाओं व छात्रों के लिए चल रही सरकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। न्यूज एजेंसी PTI के सूत्रों के मुताबिक, इसके जरिए जेन Z से सीधे जुड़ना है। सूत्रों के मुताबिक, शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी और युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया को यूनिवर्सिटी और दौरे पर जाने वाले मंत्रियों के साथ तालमेल की जिम्मेदारी दी गई है।



- 20 जुलाई की पुलिस कार्रवाई के बाद विरोध बढ़ा
- पीएम ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो जारी किए

» (शेष पेज 06 पर)

2.80 लाख लेकर लौट रहे थे, रास्ते में अफसरों ने दबोचा, सस्पेंड भी हुए, चारों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश

# अयोध्या से 800 किलोमीटर दूर रिश्वत लेने पहुंचे दरोगा 3 सिपाही

**शिकंजा**

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या। अयोध्या में साइबर पुलिस में तैनात दरोगा और तीन सिपाही रिश्वत लेने 800 किमी दूर राजस्थान के सीकर पहुंच गए। लेकिन इसकी भनक एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) को लग गई। ACB टीम ने रास्ते में चारों पुलिसकर्मियों को दबोच लिया। उनके पास से 2.80 लाख रुपए बरामद हुए हैं।

ACB ने चारों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जानकारी मिलने पर अयोध्या SSP डॉ. गौरव ग्रोवर ने मंगलवार देर शाम आरोपी दरोगा यशवंत सिंह, कॉन्स्टेबल पवन कुमार त्रिपाठी, सोहन लाल और गौरव चारग का सस्पेंड कर दिया। चारों के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। अयोध्या के साइबर पुलिस थाने में राजस्थान के सीकर के युवक के खिलाफ 2024 में साइबर ठगी का मामला दर्ज था। केस से युवक का नाम हटाने के लिए दरोगा यशवंत सिंह और उनके तीन कॉन्स्टेबल ने 8 लाख रुपए मांगे थे। 4 लाख रुपए वसूल भी लिए थे। बची रकम के लिए युवक ने पुलिसकर्मियों को सीकर बुलाया। इस बीच उसने एंटी करप्शन ब्यूरो से शिकायत कर दी। शिकायत मिलने के बाद ACB ने रिश्वत की मांग का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान कॉन्स्टेबल गौरव चारग ने पीड़ित युवक से 4 लाख रुपए की रिश्वत मांगी। बातचीत के बाद सौदा 2.80 लाख रुपए में तय हुआ।



एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव और पुलिस महानिरीक्षक एस. परिमला के सुपरविजन में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू करने की बात कही है।



चारों आरोपियों को ACB ने गिरफ्तार कर लिया।

### एसीबी टीम की गाड़ी को टक्कर मारी

दरोगा यशवंत सिंह साथी कॉन्स्टेबल गौरव, सोहन और पवन त्रिपाठी के साथ राजस्थान पहुंच गए। मंगलवार दोपहर आरोपियों ने घूस की रकम ली और अयोध्या लौट रहे थे।

पीड़ित ने ACB टीम को सूचना दी कि पुलिसवाले रिश्वत लेकर निकल गए हैं। इसके बाद टीम ने सीकर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर रसीदपुरा टोल पर आरोपियों को रोक लिया। कार्रवाई के दौरान आरोपियों ने अपनी कार से ACB टीम की गाड़ी को टक्कर मारकर भागने की भी कोशिश की। हालांकि ACB टीम ने चारों को पकड़ लिया।

सीकर ACB के ASP विजय सिंह ने बताया- तीनों आरोपी शिकायतकर्ता युवक से रिश्वत लेने 3 दिन पहले 16 अगस्त सीकर आए थे। सूचना पर सीकर ACB टीम ने पहले से जाल बिछा रखा था। सीकर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर रसीदपुरा टोल पर आरोपियों को गाड़ी को रोका। इसके बाद चेकिंग के दौरान उनके पास से रिश्वत के 2.80 लाख रुपए मिले। पूछताछ में तीनों आरोपी रकम के बारे में बता नहीं पाए।

# हाईकोर्ट की फटकार बाद जलभराव का निरीक्षण

## डीएम और नगर आयुक्त ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

तमसा संकेत, एजेंसी



प्रयागराज । प्रयागराज में रविवार से हो रही लगातार बारिश के कारण शहर के कई इलाके जलमग्न हो गए हैं। इलाहाबाद हाईकोर्ट की कड़ी फटकार के बाद प्रयागराज के डीएम मनीष कुमार वर्मा और नगर आयुक्त सीलम साईं तेजा ने कमिश्नर प्रयागराज के साथ जलभराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर हालातों का जायजा लिया।

डीएम ने निरीक्षण के बाद बताया कि नगर निगम द्वारा पंपिंग सेट लगाकर पानी को खाली कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बारिश के चलते जॉर्ज टाउन, टैगोर टाउन, अल्लापुर और करेली जैसे निचले स्तर पर बसे मोहल्लों में जलभराव हो गया है। डीएम के मुताबिक, नगर निगम के साथ-साथ जल निगम और गंगा प्रदूषण की टीमें भी पानी निकासी के काम में लगी हुई हैं। उन्होंने दावा किया कि कई मोहल्लों से पानी निकाला जा चुका है और जल्द ही सभी मोहल्लों से पानी निकाल लिया जाएगा। डीएम ने इस जलभराव का कारण भारी बारिश और इन मोहल्लों की चोक ड्रेन को बताया। बाढ़ की स्थिति पर डीएम ने बताया कि गंगा और यमुना दोनों नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन वे अभी खतरे के निशान से नीचे बह रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि फिलहाल बाढ़ की स्थिति नहीं है। डीएम ने कहा कि बाढ़ आने पर राजापुर, छोटा बघाड़ा, अशोक नगर नेवादा जैसे कई इलाके प्रभावित होते हैं।

**फास्ट न्यूज**

### कानपुर में कुर्सी के लिए भिड़े भाजपा कार्यकर्ता

कानपुर। कानपुर में बुधवार को भाजपा के नए क्षेत्रीय प्रभारी शंकर लाल लोधी के स्वागत के दौरान कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए। क्षेत्रीय कार्यालय में कुर्सी न मिलने से भड़के कार्यकर्ता एक-दूसरे से धक्का-मुक्की करने लगे। इससे वहां अफरा-तफरी मच गई। किसी तरह कार्यकर्ताओं को समझाकर मामला शांत किया गया। हंगामा करने वालों को वहां से बाहर किया गया।

### गोरखपुर मुठभेड़ में 15 हजार का इनामी गिरफ्तार

गोरखपुर । गोरखपुर के खजनी थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात 3:20 बजे 15 हजार के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है।

जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हत्या, लूट समेत 19 मुकदमे बदमाश के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। रंगदारी के मामले में वह काफी दिनों से फरार चल रहा था। बदमाश की पहचना खजनी के भीटी खोरिया के जितेंद्र पासवान उर्फ लादेन के रूप में हुई।

### एसएन में 2 करोड़ की मशीन किसी काम की नहीं

आगरा । आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में करीब 2 करोड़ रुपए की हार्ट एंड लंग मशीन पिछले तीन महीने से बंद पड़ी है। मशीन चलाने के लिए जरूरी परफ्यूजनिस्ट और तकनीकी स्टाफ उपलब्ध न होने के कारण बाईपास सर्जरी की सुविधा पूरी तरह ठप हो गई है। इसका असर हृदय रोगियों पर पड़ रहा है, जिन्हें अब मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है।

# सरकार को बताया शिक्षा शिक्षक और शिक्षार्थी विरोधी

## अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों और विद्यार्थियों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। 19 अगस्त को जारी बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां शिक्षा, शिक्षक और शिक्षार्थी विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूल बंद करवाने वाले लोगों और यूनिवर्सिटी बनाने वालों के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी की जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि ईडी की कार्रवाई के जरिए भाजपा अपने बचे हुए साम्प्रदायिक और संकीर्ण सोच वाले समर्थकों को संतुष्ट करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन लोगों पर गंभीर भ्रष्टाचार और आपराधिक मामलों में संलिप्त होने के आरोप हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। सपा प्रमुख ने भाजपा सरकार के कार्यकाल में बने बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए। उन्होंने बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे और कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का जिक्र करते हुए इनके निर्माण और मौजूदा स्थिति को लेकर सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह सड़कें खराब हैं, पुल गिर रहे हैं और पानी की टंकियां ढह रही हैं। उन्होंने सरकारी इमारतों की स्थिति का जिक्र करते हुए स्टेशन की दीवारों और टपकती छतों को लेकर भी सरकार को घेरा।

ट्रैक्टर से पार कराईं गाड़ियां, प्रयागराज में 3 दिन से बारिश, गोंडा में सूखे भूसे के लिए लड़े किसान

# हाईवे पर बह रही गंगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी/प्रयागराज। यूपी में मानसूनी बारिश से नदियां उफान पर हैं। बिजनौर में स्टेट हाईवे पर गंगा नदी का पानी बह रहा है। सड़क के कुछ हिस्सों में 2 फीट तक पानी भर गया है, जिससे लोग अपनी कार और बाइक को ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से पार करा रहे हैं।

वाराणसी में घाटों के किनारे बने 100 से ज्यादा मंदिरों में गंगा का पानी घुस गया है। मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट के शवदाह स्थल जलमग्न हो गए हैं। नमो घाट की सीढ़ियां डूब गई हैं। दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती अब छत पर कराई जा रही है।

गोंडा में घाघरा नदी उफना गई हैं। 5 गांवों बाढ़ की चपेट में हैं। मवेशियों के लिए पहुंचाए गए सूखे भूसे को लेने के लिए लोगों में लूट



मच गई। हालात संभालने के लिए पुलिस बुलानी पड़ी। फिर पुलिस की मौजूदगी में भूसा बांटा गया।

प्रयागराज में पिछले 3 दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। करेली इलाके में लोगों के घरों के भीतर कमर तक पानी भर गया है, जिससे सोफा, बेड और अन्य सामान डूब चुके हैं। लोग घरों की पहली मंजिल पर रहने को मजबूर हैं। बुधवार सुबह लखनऊ और बाराबंकी समेत 10 शहरों में हल्की बूंदाबांदी हुई। आगरा, वाराणसी और कानपुर समेत 40 से ज्यादा शहरों में बादल छाए रहे। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ धूप निकल आई।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार-हवा में कम दबाव का क्षेत्र बनने, मानसून ट्रफ रेखा के उत्तर की ओर खिसकने और बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण मानसून सक्रिय हो गया है। 23 अगस्त तक मानसूनी गतिविधियों में तेजी बरकरार रहेगी। बंगाल की खाड़ी में बन रहे कम दबाव के सिस्टम के असर से बारिश का दौर जारी रहेगा। 20 और 21 अगस्त को भारी बारिश होने के आसार हैं।

मौसम विभाग ने आज प्रदेश के सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रयागराज, गोंडा, कौशांबी, गाजीपुर और भदोही में 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई। जौनपुर, सोनभद्र और मिर्जापुर में 8वीं तक के स्कूल बंद हैं।



### जौनपुर में बारिश से पुराना मकान ढहा जर्जर भवन में नहीं रहता था कोई

जौनपुर के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र के सिपाह मोहल्ले के चाचापुर में मंगलवार देर रात भारी बारिश के दौरान पुराना मकान भरभराकर ढह गया। मकान महेश मौर्या का बताया जा रहा है। गनीमत रही कि मकान लंबे समय से जर्जर था और उसमें कोई नहीं रहता था, इसलिए हादसे में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। मकान गिरने की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# गोरखपुर में सपा की पीडीए पंचायत

## नेता बोले- अभी से जुट जाएं कार्यकर्ता, 2027 में अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

**कार्यक्रम**

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर । गोरखपुर के समाजवादी पार्टी ने पार्टी कार्यालय पर पीडीए पंचायत के तहत कार्यकर्ताओं से आपसी संवाद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष शब्बीर कुरैशी ने किया। कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संजय विद्यार्थी सविता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य PDA से जुड़े लोगों तक अपना एजेंडा बताना था।

कार्यक्रम के अंत में सभी सपा के कार्यकर्ताओं ने 2027 में अखिलेश यादव को सीएम बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के लोगों के



बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझने और पार्टी की नीतियों से लोगों को जोड़ने की अपील की। कार्यक्रम में मौजूद सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में पीडीए की समाजवादी सरकार बनाने का संकल्प लिया। इसके साथ ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को दोबारा उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी ताकत से काम करने की बात कही गई। मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्वजनों से आपसी संवाद किया गया। इस दौरान वर्तमान सरकार की नीतियों, जनसमस्याओं और सरकार की कमियों पर चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि पीडीए समाज के लोगों को अपने अधिकारों और हितों के लिए एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है।



### सविता समाज समेत पीडीए समाज को एकजुट होने की अपील

संजय विद्यार्थी सविता ने कहा कि सविता समाज सहित पीडीए समाज के सभी लोग एकजुट होकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करने में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 को देखते हुए कार्यकर्ताओं को अभी से संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच जाकर संवाद करने की जरूरत है।

# बुलंदशहर में खेत पर करंट से किसान दंपती की मौत

## पत्नी खाना लेकर पहुंची तो पति खेत में पड़ा मिला

तमसा संकेत, एजेंसी



सिकंदराबाद । बुलंदशहर में खेत की फेंसिंग में उतरे करंट से किसान दंपती की मौत हो गई। किसान खेत पर लौकी तोड़ने के दौरान करंट की चपेट में आया था। बुधवार दोपहर करीब 2.30 बजे पत्नी ने किसान पति को खेत में पड़ा देखा, तो उसे उठाने की कोशिश में वह भी करंट की चपेट में आ गई। वह पति के ऊपर ही जा गिरी। उसने भी दम तोड़ दिया। इसके बाद पास के खेत का किसान दोनों दंपती को मृत पाया। उसने तत्काल परिजनों को सूचना दी। इसके परिजन के साथ ग्रामीण भी पहुंच गए। इसके बाद किसान की पत्ती को निजी अस्पताल लाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना मुख्यालय से 25 किलोमीटर दूर सिकंदराबाद कोतवाली क्षेत्र के शेरपुर गांव में हुई है। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शेरपुर गांव निवासी भगवान सिंह उर्फ लाला (57) बुधवार सुबह 11 बजे खेत पर लौकी तोड़ने के लिए निकल थे। वह अपने खेत के चारों तरफ बेसहारा पशुओं से फसल को बचाने के लिए नंगे तारों की फेंसिंग कराए हैं। काम के दौरान ही भगवान सिंह फेंसिंग के तार से करंट की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोपहर करीब 2.30 बजे पत्नी धर्मवती (50) खाना लेकर पहुंची, तो पति को खेत में पड़ा देखा

**जुर्माना :** 4 तरह की मिठाइयां बेच रहा था, रकम 15 दिन के अंदर प्राधिकरण में जमा करनी होगी

# राम मंदिर प्रसाद बेचने पर अमेजन पर एक लाख जुर्माना

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । अयोध्या राम मंदिर प्रसाद के नाम पर मिठाई बेचने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड पर बड़ा एक्शन हुआ है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। यह रकम 15 दिन के अंदर प्राधिकरण में जमा करनी होगी।

अमेजन पर 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' के नाम से घी के लड्डू, खोया के लड्डू, बूंदी के लड्डू और गाय के दूध के पेड़े बेचे जा रहे थे। इनकी लिस्टिंग में इन्हें राम मंदिर का प्रसाद बताया गया था। अमेजन ने इसके लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से कोई अनुमति नहीं ली



थी। बार एंड बेंच के अनुसार, CCPA की चीफ कमिश्नर निधि खरे और कमिश्नर अनुपम मिश्रा ने 4 अगस्त को ठगी मानते हुए कार्रवाई की थी। प्राधिकरण ने यह भी कहा कि किसी सामान्य मिठाई को राम मंदिर के प्रसाद के रूप में बेचे जाने से करोड़ों भक्तों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं। CCPA के मुताबिक, ये प्रोडक्ट 22 जनवरी 2024 की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से कुछ समय पहले लिस्ट किए गए थे। मामले में 19 जनवरी को शो-कॉज नोटिस मिलने के बाद अमेजन ने इन लिस्टिंग को हटा दिया था। यह शिकायत कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (CAIT) ने जनवरी 2024 में की थी। अमेजन ने अपने बचाव में कहा, वह केवल एक ऑनलाइन मार्केटप्लेस है और प्रोडक्ट की लिस्टिंग, कीमत तय करने, डिटेल देने या बिक्री में उसकी सीधे तौर पर कोई भूमिका नहीं थी।




### प्रोडक्ट की लिस्टिंग में धार्मिक चिह्नों का इस्तेमाल किया

ये मामला पहली बार जनवरी, 2024 में सामने आया था। चंदू ट्रेडिंग कंपनी ने 'बिहार ब्रदर्स' ब्रांड के नाम से अमेजन पर 4 तरह की मिठाइयां लिस्ट की थीं। इनमें घी के लड्डू, खोया लड्डू, बूंदी लड्डू और गाय के दूध से बने पेड़े शामिल थे।इन प्रोडक्ट्स की लिस्टिंग में धार्मिक तस्वीरों का इस्तेमाल किया गया था। साथ ही दावा किया गया था कि इन मिठाइयों पर 'श्री राम जन्मभूमि मंदिर, अयोध्या का आशीर्वाद' है। सामग्री वाले कॉलम में इन्हें 'राम मंदिर प्रसाद' बताया गया था।

परिजनों का हंगामा, बोले- पहले कहा बेटा हुआ, अब बता रहे बेटी

# कबीरचौरा अस्पताल में बच्चा बदलने का आरोप

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । वाराणसी के कबीरचौरा अस्पताल में 100 बेड के MCH विंग में डॉक्टर्स और कर्मचारियों पर बच्चा बदलने का आरोप लगाया गया है। परिजनों के अनुसार पहले डॉक्टर्स ने बताया कि लड़का हुआ है और कागज में भी लड़का लिखा, लेकिन अब कह रहे लड़की हुई है।

न लड़का ना लड़की अभी कुछ हमें दिया भी नहीं गया है। इस पर परिजनों ने आज हंगामा भी किया। लेकिन उसके बाद भी बच्चा नहीं दिया गया है। फिलहाल इस संबंध में अभी तक अस्पताल प्रशासन ने कोई बयान नहीं जारी किया है। इस अस्पताल का संचालन हेरिटेज मेडिकल कालेज पीपी मॉडल पर कर रहा है। प्रहलाद घाट के रहने



वाले आकाश साहनी ने बताया - मेरे मामा का लड़के सूरज सहानी प्रयागराज का रहने वाला है। इस समय वाराणसी में ही रहता है। 17 अगस्त को उनकी पत्नी सोनी जो गर्भवती थीं, उन्हें डिलेवरी के लिए कबीरचौरा अस्पताल के MCH विंग में भर्ती कराया गया। जहां उन्हें उसी दिन बच्चा हुआ।

बच्चा हमें दिया नहीं गया और दूर से दिखाया गया। बताया गया की बच्चे की तबियत खराब है और वह NICU में है। जब मेरे मामा का लड़का देखना गया, तो उसने डॉक्टर से पूछा की क्या हुआ है तो बताया कि लड़का हुआ है।

आकाश ने बताया - मंगलवार रात मेरे मामा के लड़के ने बताया कि वो लोग कह रहे हैं कि लड़का नहीं लड़की हुई है। इसपर मैं बुधवार को अस्पताल पहुंचा तो यहां सभी रो रहे थे। आकाश ने आरोप लगाया कि पूरे डॉक्यूमेंट जो यहां थे जिसपर मेल लिखा था, उसे भी पेन से चेंज कर दिया गया है। हम इंसाफ चाहते हैं, और हमें हमारा लड़का चाहिए।

## बिजली, जलभराव और जर्जर भवनों पर डीएम सख्त, कस्तूरबा विद्यालयों में तीन दिन में विशेष सफाई अभियान

# स्कूलों की बदहाली पर अब चलेगा प्रशासन का डंडा

**निर्देश**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की व्यवस्थाओं में अब लापरवाही भारी पड़ेगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जिले के विद्यालयों की ब्लॉकवार समीक्षा की तो बिजली, सफाई, जलभराव और जर्जर भवनों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से दूर कराने के निर्देश दिए। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां प्रवेश रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

विद्यालय परिसर में जलभराव को लेकर भी प्रशासन ने जिम्मेदारी तय की है। डीएम ने कहा कि किसी भी विद्यालय परिसर में जलभराव नहीं होना चाहिए। जहां ऐसी स्थिति सामने आए, वहां संबंधित खंड विकास अधिकारी तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराएं। साथ ही विद्यालयों में नियमित सफाई और कायाकल्प योजना के निर्धारित मानकों को पूरा रखने के निर्देश दिए गए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की व्यवस्था सुधारने के लिए अगले तीन दिनों में विशेष सफाई अभियान चलेगा। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को सभी कस्तूरबा विद्यालयों में सफाई कर्मचारियों की टीमें भेजने के निर्देश दिए। परिसर और आसपास सफाई कराने के साथ बड़े डस्टबिन लगवाने तथा नियमित कूड़ा उठान की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। डीएम ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कस्तूरबा विद्यालयों का नियमित भ्रमण करने को कहा। निरीक्षण में केवल पढ़ाई ही नहीं, बल्कि विद्यालय की आधारभूत सुविधाओं की स्थिति भी देखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ आवश्यक सुविधाएं भी व्यवस्थित और क्रियाशील मिलनी चाहिए।

डीएम ईशा प्रिया ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण देना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### बिजली गुल मिली तो तत्काल होगी कार्रवाई

समीक्षा में विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था को लेकर डीएम ने अधीक्षण अभियंता विद्युत और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में किसी कारण से बिजली आपूर्ति बाधित है, वहां तत्काल कार्रवाई कर आपूर्ति बहाल कराई जाएगी। विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित न रहे, इसके लिए संबंधित अधिकारी समस्या का मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे।

**बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावासों की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को नियमित निरीक्षण कर आवासीय व्यवस्था, स्वच्छता, बिजली और पेयजल समेत अन्य जरूरी सुविधाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए गए।**

### जर्जर भवनों पर लिखना होगा 'प्रवेश निषेध'

विद्यालय परिसरों में मौजूद जर्जर भवनों को लेकर डीएम ने विशेष निर्देश जारी किए। ऐसे भवनों पर साफ शब्दों में "प्रवेश निषेध, भवन जर्जर है" लिखवाया जाएगा। उद्देश्य स्पष्ट है कि बच्चे और शिक्षक अनजाने में भी जोखिम वाले भवन में प्रवेश न करें। डीएम ने अधिकारियों को सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने को कहा।

# मिशन-2027 से पहले भाजपा के सामने संगठन और सियासी समीकरण की चुनौती

## कई चेहरे और प्रयोग बदले, फिर भी पांचों सीटों पर मजबूत जनाधार बनाने में पार्टी रही नाकाम

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारतीय जनता पार्टी के सामने अंबेडकरनगर में सबसे बड़ी चुनौती संगठन को मजबूत करने के साथ स्थानीय सियासी समीकरणों को साधने की है। जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर मजबूत वापसी के लिए पार्टी लगातार संगठन में बदलाव और नए सामाजिक समीकरणों पर काम कर रही है। हाल ही में दिलीप पटेल देव को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद एक बार फिर पार्टी की रणनीति को लेकर चर्चा तेज है।

अंबेडकरनगर की राजनीति में जातीय समीकरण हमेशा से महत्वपूर्ण रहे हैं। ऐसे में भाजपा के सामने केवल संगठन खड़ा करने की चुनौती नहीं, बल्कि हर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग सामाजिक समीकरणों के अनुरूप प्रभावी नेतृत्व तैयार करने की भी जरूरत है।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी की लहर के बीच हरिओम पांडे ने अंबेडकरनगर लोकसभा सीट पर भाजपा को जीत दिलाई। इसके बाद वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी ने वापसी की। आलापुर से अनीता कमल और टांडा से संजू देवी गुप्ता ने जीत दर्ज कर भाजपा के खाते में दो सीटें पहुंचाईं। लेकिन यह प्रदर्शन स्थायी राजनीतिक आधार में तब्दील नहीं हो सका। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में जिले की पांचों सीटों पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा।

### राम मंदिर आंदोलन के दौर में मिली थी पहली बड़ी सफलता

अंबेडकरनगर के गठन से पहले यह क्षेत्र अयोध्या जिले का हिस्सा था। राम मंदिर आंदोलन के दौर में जहांगीर-गंज और कटेहरी विधानसभा सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज कर अपनी मौजूदगी मजबूत की थी। त्रिवेणी राम और अनिल तिवारी की जीत के बाद पार्टी ने जिले की राजनीति में अपनी जगह बनाई। 29 सितंबर 1995 को अंबेडकरनगर जिला अस्तित्व में आया। इसके बाद भाजपा को लगातार ऐसे चुनावी नतीजों का इंतजार रहा, जो जिले में उसके स्थायी आधार का संकेत दे सकें।

**फास्ट न्यूज**

### लंदन में अंबेडकरनगर के बजरंग बली चौबे बने मुख्य अतिथि

अंबेडकरनगर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लंदन में आयोजित 'नमस्ते भारत' पत्रिका के कार्यक्रम में अंबेड-करनगर के वरिष्ठ समाजसेवी बजरंग बली चौबे मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में भारत, ब्रिटेन, बेल्जियम और अमेरिका से करीब 250 लोग शामिल हुए। भारत से करीब 80 लोगों ने लंदन पहुंचकर आयोजन में भाग लिया।

### घर में सोता रहा परिवार, छत के रास्ते घुसे चोर

अंबेडकरनगर। जैतपुर थाना क्षेत्र के गोबरी चांदपुर के सिंघी पुरवा में मंगलवार रात चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। वारदात के समय परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। सुबह कमरे का सामान बिखरा मिलने और अलमारी का ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। सिंघी पुरवा निवासी दिनेश कुमार मिश्रा के घर को चोरों ने निशाना बनाया। बताया गया कि चोर पीछे की ओर से छत पर चढ़कर घर में दाखिल हुए। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़ा और अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण निकाल ले गए।

### साइबर ठगी के 7000 रुपये वापस कराए

अंबेडकरनगर। टांडा कोतवाली की साइबर टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी के शिकार अनुपम जायसवाल के 7,000 रुपये वापस करा दिए। रकम खाते में पहुंचने पर पीड़ित ने पुलिस के प्रति आभार जताया। हनुमा-नगढ़ी, हयातगंज निवासी अनुपम जायसवाल के साथ 15 अगस्त को 7,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। उन्होंने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी।

# फर्जी एप ने खोला कारोबारी का डेटा धमकी देकर तीन बार में ठगे छह लाख

## मोबाइल पर आए मैसेज के झांसे में डाउनलोड किया एप

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। मोबाइल पर आए एक फर्जी मैसेज के जरिए एप डाउनलोड करना जलालपुर क्षेत्र के एक कारोबारी को भारी पड़ गया। एप में मांगी गई जानकारी भरते ही साइबर ठगों ने उसका डाटा हासिल कर लिया। इसके बाद ऑनलाइन नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर तीन बार में दो-दो लाख रुपये, कुल छह लाख रुपये वसूल लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई।

जलालपुर के श्यामपुर निवासी प्रदीप कुमार दिल्ली में रहकर कारोबार करते हैं। कुछ दिन पहले खाली समय में मोबाइल चलाते समय उनके पास एक मैसेज आया। इसके झांसे में आकर उन्होंने संबंधित एप डाउनलोड कर लिया। एप में मांगी गई जानकारी भी भर दी। इसके बाद ठगों ने इसी जानकारी का इस्तेमाल कर उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। ठगों ने ऑनलाइन नुकसान पहुंचाने की बात कहकर रुपये देने का दबाव बनाया। उनके दबाव में आकर प्रदीप ने तीन अलग-अलग बार दो-दो लाख रुपये दिए। कुल छह लाख रुपये देने के बाद उन्हें ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर लखनऊ में अपराध संख्या शून्य पर एफआईआर दर्ज की गई। मामला अंबेडकरनगर से संबंधित होने के कारण विवेचना के लिए साइबर थाना स्थानांतरित कर दी गई है। साइबर थाना प्रभारी रंधा सिंह यादव ने बताया कि मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है।

# हर माह तीन तारीख को होगी पीटीएम अभिभावकों की सहभागिता अनिवार्य

## पढ़ाई, उपस्थिति और बच्चों की स्वच्छता पर होगी चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। जिले के सभी प्राथमिक विद्यालयों में अब हर माह की तीन तारीख को पेरेंट्स-टीचर मीटिंग (पीटीएम) होगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. पूनम मिश्रा ने सभी प्रधानाध्यापकों और शिक्षकों को बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं।

पीटीएम में बच्चों की शैक्षिक प्रगति और रिपोर्ट कार्ड की समीक्षा होगी। साथ ही उनकी नियमित और शत-प्रतिशत उपस्थिति को लेकर अभिभावकों से चर्चा की जाएगी। बच्चों की पढ़ाई में आ रही समस्याओं और उनके सीखने के स्तर पर भी शिक्षक अभिभावकों से संवाद करेंगे।

बैठक में निर्धारित स्कूल ड्रेस के पालन की स्थिति देखी जाएगी। शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों के सीखने की क्षमता पर भी चर्चा होगी। शिक्षकों को अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय बनाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी समस्याओं का समय पर पता लगाया जा सके।

पीटीएम में बच्चों की व्यक्तिगत स्वच्छता को भी प्रमुखता दी जाएगी। अभिभावकों को बच्चों को साफ-सुथरा रखकर विद्यालय भेजने के लिए जागरूक किया जाएगा। विद्यालय की स्वच्छता बनाए रखने में अभिभावकों की भूमिका पर भी चर्चा होगी।

बीएसए ने कहा कि बच्चों की पढ़ाई में विद्यालय के साथ अभिभावकों की भागीदारी भी जरूरी है। पीटीएम के माध्यम से दोनों के बीच नियमित संवाद कायम करने का प्रयास किया जाएगा। बीएसए ने सभी विद्यालयों में पीटीएम में अधिक से अधिक अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करने को कहा है। बैठक में निर्धारित सभी बिंदुओं पर प्रभावी चर्चा करने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पीटीएम का उद्देश्य केवल रिपोर्ट कार्ड बताना नहीं, बल्कि बच्चे की पढ़ाई, उपस्थिति, व्यवहार और स्वच्छता से जुड़े पहलुओं पर विद्यालय और परिवार के बीच बेहतर तालमेल बनाना है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

# होमस्टे के 32 आवेदनों की हुई समीक्षा सत्यापन में पारदर्शिता पर जोर

## शहरी क्षेत्र से 22 और ग्रामीण क्षेत्र से मिले 10 आवेदन

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। उत्तर प्रदेश बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 के तहत जिले में होमस्टे इकाइयों के पंजीकरण की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। इसमें पंजीकरण के लिए मिले आवेदनों और उनके सत्यापन की स्थिति की समीक्षा की गई।

बैठक में प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी ने समिति के सामने प्राप्त आवेदनों का विवरण रखा। बताया गया कि जिले में अब तक होमस्टे पंजीकरण के लिए कुल 32 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 22 आवेदन शहरी क्षेत्र और 10 आवेदन ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित हैं।

जिलाधिकारी ने आवेदनों की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का निर्धारित मानकों के अनुसार स्थलीय और अभिलेखीय सत्यापन कराया जाए। पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता के साथ नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा।

उन्होंने कहा कि होमस्टे इकाइयों के विस्तार से जिले में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही बाहर से आने वाले पर्यटकों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। समीक्षा के दौरान अशरफपुर किछौछा क्षेत्र से संबंधित एक आवेदन में कुछ कमियां सामने आईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आवेदन का दोबारा सत्यापन कराने के निर्देश दिए।

## सोशल मीडिया पर बरामदगी की खबर को पुलिस ने बताया भ्रामक, एफएसएल रिपोर्ट का इंतजार

# आईपीएस आशुतोष मिश्र की मां की मौत का मामला

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के धवरुवा मजरे रूढ़ा गांव में आईपीएस अधिकारी आशुतोष मिश्र की मां इंद्रा देवी की संदिग्ध मौत और घर से जेवर गायब होने के मामले में पुलिस ने अब तक की जांच को लेकर तस्वीर साफ की है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने स्पष्ट किया कि एफआईआर में दर्ज जेवर और अन्य सामान अभी बरामद नहीं हुए हैं। सोशल मीडिया पर इनके बरामद होने की प्रसारित खबर को उन्होंने गलत और भ्रामक बताया है। उधर, आशुतोष मिश्र ने भी गायब जेवर नहीं मिलने की बात कहते हुए जांच पर सवाल उठाए हैं। एसपी के अनुसार घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस की कई टीमें जांच में लगी हैं। लोगों से पूछताछ के साथ घटनास्थल और उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल की जा रही है। जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है।



### आशुतोष मिश्र की मांग विशेष टीम से हो जांच

आशुतोष मिश्र ने कहा है कि उनकी मां के गायब आभूषण उन्हें नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि यदि आभूषण बरामद हुए हैं तो उन्हें परिवार को सौंपा जाना चाहिए। उन्होंने मामले की जांच विशेष टीम से कराने के लिए एडीजी जोन से आग्रह किया है, ताकि घटना का जल्द खुलासा हो और किसी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई न हो।

### मौत की वजह पर भी अंतिम निष्कर्ष नहीं

मौत के कारण को लेकर भी पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है। एसपी ने बताया कि तीन डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ। इसके बाद विसरा सुरक्षित कर एफएसएल भेजा गया है। हृदय को हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए भी भेजा गया है।

रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि इंद्रा देवी की मौत किन परिस्थितियों में हुई।

> **"एसपी प्राची सिंह के मुताबिक घटनास्थल से तुलसी की माला और पीली धातु की कीलनुमा कुछ वस्तुएं मिली थीं। इन्हें परिवार को सौंप दिया गया है। लेकिन एफआईआर में दर्ज जेवर और अन्य सामान की बरामदगी अभी नहीं हुई है। इसलिए मौके से मिली वस्तुओं को चोरी गए जेवर की बरामदगी बताना सही नहीं है।**

प्राची सिंह ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष और वैज्ञानिक तरीके से जांच कर रही है। किसी निर्दोष को फंसाने का सवाल नहीं है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच दो अहम बिंदुओं पर टिकी है—मौत का वास्तविक कारण और एफआईआर में दर्ज गायब सामान की बरामदगी।

# स्कूलों की बदहाली पर अब चलेगा प्रशासन का डंडा

## बिजली, जलभराव और जर्जर भवनों पर डीएम सख्त

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। परिषदीय और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की व्यवस्थाओं में अब लापरवाही भारी पड़ेगी। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने जिले के विद्यालयों की ब्लॉकवार समीक्षा की तो बिजली, सफाई, जलभराव और जर्जर भवनों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता से दूर कराने के निर्देश दिए। बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जर्जर भवनों को चिन्हित कर वहां प्रवेश रोकने के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

समीक्षा में विद्यालयों की विद्युत व्यवस्था को लेकर डीएम ने अधीक्षण अभियंता विद्युत और संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जिन विद्यालयों में किसी कारण से बिजली आपूर्ति बाधित है, वहां तत्काल कार्रवाई कर आपूर्ति बहाल कराई जाएगी। विद्यालयों में बिजली की व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित न रहे, इसके लिए संबंधित अधिकारी समस्या का मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय परिसर में जलभराव को लेकर भी प्रशासन ने जिम्मेदारी तय की है। डीएम ने कहा कि किसी भी विद्यालय परिसर में जलभराव नहीं होना चाहिए। जहां ऐसी स्थिति सामने आए, वहां संबंधित खंड विकास अधिकारी तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराएं। साथ ही विद्यालयों में नियमित सफाई और कायाकल्प योजना के निर्धारित मानकों को पूरा रखने के निर्देश दिए गए।

विद्यालय परिसरों में मौजूद जर्जर भवनों को लेकर डीएम ने विशेष निर्देश जारी किए। ऐसे भवनों पर साफ शब्दों में "प्रवेश निषेध, भवन जर्जर है" लिखवाया जाएगा। उद्देश्य स्पष्ट है कि बच्चे और शिक्षक अनजाने में भी जोखिम वाले भवन में प्रवेश न करें। डीएम ने अधिकारियों को सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरतने को कहा।



# रमाबाई महिला महाविद्यालय में 'दीक्षारम्भ' से नए सत्र का आगाज

## नवागंतुक छात्राओं को महाविद्यालय की सुविधाओं

तमसा संकेत, संवाददाता



अकबरपुर, अंबेडकरनगर। रमाबाई राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 की नवागंतुक छात्राओं के लिए बुधवार को 'दीक्षारम्भ' छात्र-प्रेरण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के नए माहौल में सहज बनाने के साथ महाविद्यालय की संस्कृति, अनुशासन और शैक्षणिक व्यवस्था से परिचित कराना रहा। महाविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अरविन्द कुमार वर्मा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ किया। उन्होंने नवागंतुक छात्राओं का स्वागत करते हुए कहा कि 'दीक्षारम्भ' केवल स्वागत कार्यक्रम नहीं है, बल्कि उच्च शिक्षा की शुरुआत के साथ छात्राओं के व्यक्तित्व विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने छात्राओं से महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक एवं अन्य सुविधाओं का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। उन्हें राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) की ग्रेडिंग, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत उपलब्ध सुविधाओं, समृद्ध पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब और खेलकूद गतिविधियों की जानकारी दी गई। नवागंतुक छात्राओं को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों और संस्थाओं की जानकारी भी दी गई।

## चर्चा : मोती की खेती का दिया व्यावहारिक प्रशिक्षण, कृषि यंत्रों की ई-लॉटरी 20 अगस्त को

# किसान दिवस में खेती के साथ कमाई के नए रास्तों पर जोर

तमसा संकेत, संवाददाता




अंबेडकरनगर। किसान दिवस में बुधवार को किसानों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ खेती से अतिरिक्त आय के विकल्पों पर भी चर्चा हुई। विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मोती की खेती का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। किसानों ने कृषि यंत्रों पर अनुदान, क्रय केंद्रों के संचालन समेत कई समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप निदेशक कृषि डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने की। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों का चयन 20 अगस्त को दोपहर 12 बजे एनआईसी कक्ष में ई-लॉटरी से किया जाएगा। आवेदन करने वाले किसानों से निर्धारित समय पर उपस्थित रहने को कहा गया। जिला कृषि अधिकारी ने तोरिया, सरसों, चना, मटर और गेहूं समेत रबी फसलों के बीज की बुकिंग के संबंध में जानकारी दी। कृषि रक्षा रसायनों पर मिलने वाले अनुदान को पॉस मशीन के माध्यम से प्राप्त करने की प्रक्रिया भी बताई गई। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने किसानों से खुरपका-मुंहपका बीमारी से बचाव के लिए चल रहे टीकाकरण अभियान में सहयोग की अपील की। उन्होंने ग्राम पंचायतों में पशुओं का टीकाकरण कराने के लिए संबंधित पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने को कहा। कार्यक्रम में विद्युत, मंडी, खाद्य एवं विपणन, बैंकिंग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। किसानों ने कृषि यंत्रों पर अनुदान, क्रय केंद्रों के संचालन और अन्य कृषि संबंधी समस्याएं उठाईं। अधिकारियों ने समस्याओं और सुझावों पर नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिया।

**किसान दिवस का प्रमुख आकर्षण मोती उत्पादन का प्रशिक्षण रहा। मास्टर ट्रेनर संतोष सिंह ने सीप को चिमटी की सहायता से खोलकर उसमें न्यूक्लियस डालने की प्रक्रिया का मौके पर प्रदर्शन किया। किसानों को मोती उत्पादन की तकनीक और इसके उत्पादन चक्र की जानकारी दी गई।**

### सीप में न्यूक्लियस डालने की प्रक्रिया दिखाई

अधिकारियों के अनुसार जिले में 30 मोती पालकों का चयन किया जा चुका है। चयनित किसानों को जहांगीरगंज स्थित संतोष सिंह के तालाब पर व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। मोती उत्पादन का चक्र करीब डेढ़ वर्ष का बताया गया। उचित तकनीक से एक बिस्वा तालाब क्षेत्र में भी मोती उत्पादन कर आय अर्जित की जा सकती है।

# 17 वर्षीय किशोरी लापता, मां ने एसपी से लगाई बरामदगी की गुहार

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर। मालीपुर थाना क्षेत्र के करमिसिरपुर गांव से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में उसकी मां ने पुलिस अधीक्षक से जल्द बरामदगी की गुहार लगाई है। महिला ने मामले में दर्ज प्राथमिकी पर प्रभावी कार्रवाई के साथ निष्पक्ष जांच की मांग की है। परिजनों ने किशोरी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए उसे सकुशल बरामद करने की मांग की है। महिला के अनुसार उनकी बेटी 31 जुलाई को घर से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जानकारी नहीं मिलने पर मालीपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। परिजनों ने पुलिस को बताया था कि किशोरी की बातचीत बड़ौली अदाई गांव निवासी शिवम शर्मा पुत्र संजय शर्मा से होती थी। इसके संबंध में तस्वीरें भी पुलिस को उपलब्ध कराई गई थीं।

परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने शिवम शर्मा को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, लेकिन करीब दो दिन बाद उसे छोड़ दिया गया। इसके बाद किशोरी के बारे में जानकारी लेने पर परिवार को कथित तौर पर डराने-धमकाने की बात भी सामने आई है। महिला ने इस संबंध में भी कार्रवाई की मांग की है। महिला ने एसपी से मामले से जुड़े सभी लोगों, मोबाइल नंबरों और उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों की निष्पक्ष जांच कराने का अनुरोध किया है।

**31 जुलाई से नहीं मिला सुराग परिजनों ने युवक से बातचीत और धमकी देने का लगाया आरोप, निष्पक्ष जांच की मांग**

### औरैया में वकील और उनकी टीचर बहन की सरेआम गोली मारकर हत्या की थी दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी

# सजा : सपा के पूर्व एमएलसी दो भाइयों समेत 10 को उम्रकैद

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

औरैया। औरैया के बहुचर्चित वकील मंजुल चौबे और उनकी टीचर बहन की हत्या के मामले में 6 साल बाद फैसला आया। बुधवार दोपहर 2 बजे MP-MLA कोर्ट ने सपा के पूर्व MLC कमलेश पाठक, उनके दो सगे भाइयों समेत 10 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। 15 जनवरी 2020 को मंजुल और उनकी बहन सुधा की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की गई थी। उनके घरवालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। वारदात की सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी हमला किया था। इस मामले में




पुलिस ने 10 दोषियों समेत 19 लोगों पर केस कराया था। इसमें से 11 लोगों को 7-7 की सजा सुनाई है, जबकि 7 साल को बरी कर दिया है। एक आरोपी नाबालिग है, उसका मुकदमा जुबेनाइल कोर्ट चल रहा है। कमलेश और मंजुल पहले दोस्त हुआ करते थे। दोनों के बीच विवाद मंदिर की एक बीघा जमीन को लेकर हुआ था। कमलेश पाठक जमीन पर कब्जा करना चाहते थे, जबकि मंजुल चौबे इसका विरोध कर रहे थे। इसी विवाद के बाद दोनों दोस्तों के बीच दुश्मनी हो गई थी। पुलिस के मुताबिक,

वारदात वाले दिन कमलेश उसी जमीन पर कुर्सी डालकर बैठे थे। तभी मंजुल के पिता ने उन्हें बुरा-भला कहा और कुर्सी से गिरा दिया। विवाद होता देख दोनों परिवारों के लोग मौके पर पहुंच गए। कमलेश का भाई संतोष और गनर भी वहां आ गए। विवाद बढ़ने पर गनर ने मंजुल के पिता को गिराकर पीटा। इसी बीच कमलेश और उनके पूर्व ब्लॉक प्रमुख भाई संतोष ने फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगने से मंजुल और उनकी बहन सुधा जमीन पर गिर पड़े। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

**पिछले 6 साल में मामले में 900 से ज्यादा तारीखें पड़ीं। दोनों पक्षों की ओर से 72 गवाह पेश किए गए। मंजुल के परिवार की तरफ से 33 और कमलेश की तरफ से 39 गवाहों ने गवाही दी। आखिरकार मंजुल के परिवार को इंसाफ मिला।**



तस्वीर वकील मंजुल चौबे और उनकी टीचर बहन सुधा की है। पूर्व MLC ने दिनदहाड़े दोनों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### दो जिगरी दोस्त कैसे बन गए जानी दुश्मन

औरैया के भड़ारीपुर गांव के रहने वाले कमलेश पाठक और मंजुल चौबे पहले बहुत अच्छे दोस्त थे। लोग मंजुल को कमलेश पाठक की परछाई तक कहते थे। जब मंजुल चौबे औरैया के तिलक महाविद्यालय से छात्र संघ अध्यक्ष चुने गए, तब कमलेश पाठक उनके सबसे बड़े मददगार के रूप में साथ खड़े रहे। इस दोस्ती में दरार 2006 के नगर पालिका चुनाव के दौरान आई। मंजुल चौबे चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें कमलेश पाठक का सहयोग नहीं मिला। यहीं से दोनों के बीच दूरियां बढ़ने लगीं। बाद में मंजुल चौबे भाजपा नेताओं के करीब आ गए, जबकि कमलेश सपा समर्थक थे।

इसी बीच कमलेश पाठक गांव के पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित एक बीघा जमीन पर दावा करने लगे। मंजुल ने इसका खुलकर विरोध किया। यहीं से दोनों की पुरानी दोस्ती धीरे-धीरे वर्चस्व की जंग में बदल गई।

# 50 साल पुराने गंगापुल पर 100 से अधिक गड्ढे

## कानपुर में हर दिन गुजरते 40 हजार वाहन

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर का 50 साल पुराना जाजमऊ गंगापुल अब कांपता नजर आता है। कानपुर-उन्नाव को जोड़ने वाले इस पुल पर 100 से अधिक गड्ढे हैं। कई जगह सड़क टूटने से सरिया बाहर निकल आई है। रोज करीब 40 हजार वाहन इसी पुल से गुजरते हैं।

एनएचएआई अब पुल की मरम्मत के लिए 1 सितंबर से 90 दिन के लिए बंद करेगा। इसके लिए कानपुर, उन्नाव और लखनऊ के डीएम और एसपी को डायवर्जन के लिए लेटर भेजा है।

एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने कहा-डायवर्जन की रूपरेखा तैयार है लेकिन अभी सावन माह की वजह से इस पुल से कांवड़ियों का आना-जाना रहता है। इस वजह से एक सितंबर



से डायवर्जन लेने के लिए पत्र भेजा है। पुल की व्यापक मरम्मत के दौरान इसे 90 दिन तक बंद रखने की तैयारी है। इससे उन्नाव से कानपुर, दिल्ली, झांसी और दूसरे शहरों की ओर जाने वाले वाहनों को लंबा वैकल्पिक रास्ता लेना पड़ सकता है। उन्नाव और कानपुर प्रशासन वाहनों के डायवर्जन के लिए वैकल्पिक मार्ग तलाश रहा है। पुल को इतने लंबे समय तक बंद रखना दोनों जिलों के लिए बड़ी चुनौती होगी। डायवर्जन का सबसे अधिक असर हमीरपुर और बांदा की ओर जाने वाले वाहनों पर पड़ेगा।

**फास्ट न्यूज**

### आधे आगरा में झमाझम बारिश-सड़क पर भरा 2 फीट पानी

आगरा। आगरा में बुधवार शाम को आधे शहर में झमाझम बारिश हुई। इसकी वजह से कुछ सड़कों पर 2-2 फीट तक पानी भर गया। वहीं, कुछ क्षेत्रों में बूंदाबांदी होकर रह गई। इसकी वजह से उमसभरी गर्मी बरकरार है। 24 अगस्त तक ऐसा ही मौसम रहेगा। बुधवार सुबह से ही बादल छाये थे। शाम लगभग 5 बजे राजपुर चुंगी, शमशाबाद रोड, गोबर चौकी, इंद्रापुरम, नाई की मंडी आदि क्षेत्रों में झमाझम बारिश हुई।

### आगरा में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर फटा

आगरा। आगरा के थाना एकता क्षेत्र के खेड़ा पचगाई में बुधवार सुबह चाय बनाते समय सिलेंडर में धमाका हो गया। धमाका इतना तेज था कि घर की दीवारें और दरवाजे दूर जा गिरे। हादसे के समय घर में मौजूद लोग भागकर बाहर निकले तो जान बची। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी की जान नहीं गई।

खेड़ा पचगाई निवासी उदयभान पुत्र राधेश्याम के घर बुधवार सुबह करीब 7 बजे हादसा हुआ। उदयभान की बेटी सुबह उठकर चाय बनाने के लिए रसोई में गई और गैस पर चाय चढ़ा दी। इसी दौरान सिलेंडर से गैस रिसाव हो रहा था।

### शिक्षणेतर कर्मचारियों का धरना

गाजीपुर । गाजीपुर में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेतर संघ के 552 कर्मचारियों ने बुधवार दोपहर 1 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना दिया। मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। धरने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक को मांगपत्र सौंपा गया। कर्मचारियों ने मांगों का जल्द समाधान नहीं होने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

# बाराबंकी में जमीनी विवाद में 55 वर्षीय हंसराज की हत्या

## आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

तमसा संकेत, एजेंसी

बाराबंकी । बाराबंकी के कोठी थाना क्षेत्र के रेवती पुरवा गांव में जमीनी विवाद के चलते 55 वर्षीय हंसराज की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद बुधवार को गांव में आक्रोश फैल गया, जिसके बाद परिजन और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

सैकड़ों ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया, जिससे इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि जमीन का यह विवाद काफी समय से चल रहा था और मामला न्यायालय में भी विचाराधीन था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, भैंस को नाद पर बांधने को लेकर विवाद बढ़ा था। परिजनों के अनुसार, हंसराज पुलिस में शिकायत दर्ज कराने के लिए कोठी थाने जा रहे थे। रास्ते में उन्हें गोली मार दी गई। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें वाहन से



कुचलने का प्रयास किया गया था। गंभीर रूप से घायल हंसराज को इलाज के लिए लखनऊ ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। घटना के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। बुधवार को ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने प्रदर्शन शुरू कर दिया। मौके पर तनाव को देखते हुए गांव में भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात किए गए हैं। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रशासनिक अधिकारी ग्रामीणों को समझाने और प्रदर्शन समाप्त कराने का प्रयास कर रहे हैं।

### बृजभूषण शरण सिंह बोले- लखनऊ हमारा घर है, काफिले शहीद पथ जाम

# 'धर्मेंद्र प्रधान बहुत अच्छे आदमी हैं सिस्टम का दोष था'

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । महिला पहलवानों से जुड़े यौन उत्पीड़न मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट से बरी होने के बाद पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह बुधवार को पहली बार लखनऊ पहुंचे। समर्थकों ने अमौसी एयरपोर्ट पर उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लखनऊ हमारा घर है। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान बहुत अच्छे आदमी हैं। उनका कोई दोष नहीं था। सिस्टम का दोष था। बृजभूषण शरण सिंह नई दिल्ली से फ्लाइट से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे। वे अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके लिए समर्थकों के साथ एयरपोर्ट से निकल चुके हैं। उनके काफिले की



वजह से शहीद पथ पर भीषण जाम लग गया है। कार्यक्रम के मुताबिक, अब अंसल रॉयल्टी पहुंचेंगे। यहां अखिलेश सिंह से मुलाकात प्रस्तावित है। अंसल रॉयल्टी से निकलने के बाद आलमबाग नहर, पारा तिकुनिया, माकपा चौराहा, दुबग्गा और आईआईएम रोड होते हुए सीतापुर रोड पहुंचेंगे।

यहां फल एवं सब्जी मंडी में एमजीएम ट्रेडिंग कंपनी के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिर ताज पैलेस होटल के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इसके बाद बाराबंकी, रौनाही, अयोध्या बाईपास होते हुए गोंडा के लिए रवाना होंगे।

**बृजभूषण शरण सिंह आज लखनऊ के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके लिए वे समर्थकों के साथ एयरपोर्ट से निकल गए हैं।**



बृजभूषण शरण सिंह के काफिले की वजह से शहीद पथ पर भीषण जाम लग गया।

### पेपर लीक मामले में धर्मेंद्र प्रधान को दी क्लीन चिट

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात के सवाल पर बृजभूषण सिंह ने बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने पेपर लीक का नाम लिए बगैर कहा कि धर्मेंद्र प्रधान बहुत अच्छे आदमी हैं। उनका दोष नहीं था। सिस्टम का दोष था।

दरअसल, पेपर लीक को लेकर दिल्ली में ZEN-जी छात्रों का जोरदार प्रदर्शन हुआ था। इसके बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हो गया था।

बृजभूषण शरण सिंह का काफिला अमौसी एयरपोर्ट से निकलकर शहीद पथ होकर गुजर रहा है। इसकी वजह से शहीद पथ पर भीषण जाम लग गया है।

### कार सवारों ने बीच सड़क घेरकर हत्या की, मुकदमे को लेकर रंजिश थी

# हथौड़े से पीट पीटकर युवक को मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

हापुड़। हापुड़ में कार सवार हमलावरों ने एक युवक को हथौड़े और सरिया से पीट-पीटकर मार डाला। युवक अपने पिता के साथ बाइक से हापुड़ कचहरी जा रहा था। इसी दौरान हमलावरों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी और दोनों को घेर लिया।

युवक के पिता किसी तरह आरोपियों से बचकर खेत में भाग गए, लेकिन हमलावरों ने उनके बेटे गौरव को पकड़ लिया। आरोपियों ने उसे जमीन पर गिराकर पीटा। गौरव हाथ जोड़कर उन्हें छोड़ने की मिन्नतें करता रहा, लेकिन आरोपी हथौड़े, सरिया और डंडों से उस पर वार करते रहे। एक राहगीर ने गौरव को




बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उसे भी धमकाया। आरोपियों को जब लगा कि गौरव की मौत हो गई है, तो वे उसे छोड़कर फरार हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और घायल गौरव को अस्पताल पहुंचाया। यहां इलाज के दौरान मंगलवार दोपहर करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई।

गौरव त्यागी (33) बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर आजमपुर गांव के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी रेशु, बेटा आरव (11), बेटी गोरा (7) और पिता फतेह सिंह त्यागी हैं। गौरव के पिता खेती-किसानी करते हैं। वह अपने माता-पिता के इकलौते बेटे थे। गौरव त्यागी के पिता फतेह सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार सुबह करीब 9:30 बजे वह बेटे गौरव के साथ मुकदमे की पैरवी के लिए हापुड़ कचहरी जा रहे थे। दोनों बाइक से दिनेश विद्यापीठ-धनौरा के पास पहुंचे थे।

**पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि गौरव के पिता एक पुराने मुकदमे की पैरवी कर रहे थे। इसी को लेकर आरोपी पक्ष से उनका विवाद चल रहा था। घटना देहात थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे हुई। पुलिस ने देर रात मामले में दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया। वहीं, फरार तीन आरोपियों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।**

### राहगीरों ने मारपीट का वीडियो बनाया

गौरव को जब हमलावर पीट रहे थे, इस दौरान वहां से गुजर रहे लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया। कुछ राहगीरों ने गौरव को बचाने की कोशिश की तो हमलावरों ने उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद मौके से भाग निकले। राहगीरों से सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल गौरव को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दोपहर करीब 3 बजे गौरव की मौत हो गई।

# काशी में अपनी बैटरी चार्ज करने आता हूं : अनूप जलोटा

## रामायण सम्मान से हुई सम्मानित, बिहार में बनेगा माता सीता का मंदिर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर काशी में रामायण रिसर्च काउंसिल की ओर से रामायणी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। काशी हिंदू विश्वविद्यालय में आयोजित समारोह में भारतीय संस्कृति, अध्यात्म, साहित्य और रामायण परंपरा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली देशभर की 28 विभूतियों को सम्मानित किया गया।

समारोह में सम्मान प्राप्त करने के बाद पद्मश्री अनूप जलोटा ने काशी से अपने लगाव को साझा किया। उन्होंने कहा कि रामायणी सम्मान प्राप्त करने वाले सभी लोगों में वह भी एक हैं। काशी आने के लिए उन्हें किसी खास अवसर या बहाने की



जरूरत नहीं होती।

उन्होंने कहा, "मुझे तो बहाने चाहिए होते हैं काशी आने के। महादेव के दर्शन के बाद और यहां की वायु सांसों में आ जाने से बैटरी चार्ज हो जाती है। बस उसी के लिए हम यहां आते हैं। इसके बाद अनूप जलोटा ने अपने लोकप्रिय भजन 'ऐसी लागी लगन...' की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सरगुजा से सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को लगातार प्रोत्साहन देना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढ़ी को सही दिशा देने की जरूरत है। ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को पहचान दिलाने के साथ दूसरों को भी प्रेरित करते हैं। चिंतामणि महाराज ने कहा कि वह अपने प्रदेश छत्तीसगढ़ में भी रामायणी सम्मान समारोह आयोजित कराने के लिए हरसंभव पहल करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सामने लाकर उनका सम्मान किया जाए।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### यूपी-जापान की ...

पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में आए बदलाव को निवेशक स्वयं देख सकते हैं। कानून-व्यवस्था, कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगिक वातावरण और निवेश के लिए तैयार नीतियों से आए बदलाव ने उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर पेश की है। सरकार की कार्यप्रणाली में आया यह बदलाव निवेशकों को भी दिखाई देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पास बड़ी संख्या में युवा मैनपावर है। सरकार युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप कौशल और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध करा रही है। इससे निवेशकों को प्रशिक्षित और सक्षम मानव संसाधन उपलब्ध होगा। प्रदेश में बदलते औद्योगिक परिदृश्य के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, कुशल मैनपावर और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को लगातार मजबूत किया जा रहा है। इसका सीधा लाभ प्रदेश में निवेश करने वाली कंपनियों को मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने इस इन्वेस्टमेंट मीट को उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास और निवेश के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे संवाद के माध्यम से सरकार को उद्योग जगत की अपेक्षाओं और जरूरतों को समझने का मौका मिलता है, वहीं निवेशकों को प्रदेश में उपलब्ध संभावनाओं और सुविधाओं की जानकारी मिलती है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रमुख उद्योग समूहों की उत्तर प्रदेश में बढ़ती दिलचस्पी से प्रदेश में नए निवेश, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को और गति मिलेगी।

### आजम खान की ...

आरोप है कि इन पैसों का इस्तेमाल यूनिवर्सिटी की संपत्तियां बनाने और दूसरे कामों में किया गया। अब यह पता लगाया जा रहा कि सरकारी ठेकों का पैसा किन लोगों और कंपनियों के जरिए ट्रस्ट या यूनिवर्सिटी तक पहुंचा।

पिछले कुछ दिनों से जौहर यूनिवर्सिटी सुर्खियों में है। 15 जुलाई को रामपुर डीएम ने यूनिवर्सिटी की 40 में से 38 इमारतों को ढहाने का आदेश दिया था। कहा था- यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बिना नक्शा पास कराए इमारतों का निर्माण कराया। हालांकि, मुरादाबाद के कमिश्नर आन्जनेय सिंह के कोर्ट ने रामपुर डीएम के आदेश पर रोक लगा दी थी। मामला फिलहाल कोर्ट में है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने छापेमारी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। राम मंदिर चढ़ावा प्रकरण, एक्सप्रेसवे, पुल, सड़क, टंकी और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में कथित भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दे गिनाए और सरकार से सवाल किया कि इन मामलों में ED की कार्रवाई क्यों नहीं होती।

जुलाई 2019- ईडी ने पहली बार छापेमारी की थी। यूनिवर्सिटी में सर्च ऑपरेशन और दस्तावेज जब्त किए थे। भाजपा नेता आकाश सक्सेना ने शिकायत की थी कि सरकारी ठेकों के पैसों को ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी के निर्माण में लगाया गया। सितंबर 2023- इनकम टैक्स और ईडी ने आजम के आवास और जौहर यूनिवर्सिटी के ठिकानों पर 3 दिनों तक छापेमारी की थी। इसके बाद संदिग्ध बैंक लेनदेन की जानकारी मिलने पर ED ने समन जारी किए।

### वंदे मातरम के दो ही ...

हमारा ध्यान तीन-चार मुद्दों पर है। पहला मुद्दा पेपर लीक का है। देश के लोगों ने इसके खिलाफ जो आंदोलन किया और सरकार ने जिस तरह उस आंदोलन से निपटा, उस पर चर्चा हुई।

साथ ही CWC ने माना कि संसद का मानसून सत्र विपक्ष के लिए सफल रहा और केंद्र सरकार बैकफुट पर रही।

वेणुगोपाल ने कहा- चंदा चोरी देश के लोगों के बीच चिंता का गंभीर मुद्दा है। यह लोगों की भावनाओं से जुड़ा मामला है। जिन्होंने लोगों को बांटने के लिए राम मंदिर का इस्तेमाल किया, वे अब बेनकाब हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों की मांगें उठाते रहेंगे। इसके तहत 800 शहरों में सभाएं की जाएंगी।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पार्टी के मुख्यमंत्रियों से शिक्षा विशेषज्ञों के साथ काम करने को कहा है। उनसे शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था में बदलाव के लिए रोडमैप तैयार कर रिपोर्ट देने को कहा गया है।

वेणुगोपाल ने कहा कि बैठक में अरुणाचल प्रदेश में 'चीनी घुसपैठ' के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर पार्टी की चिंता बैठक में रखी गई।

### मैं लड़ाई में आदिवासी ...

मुलाकात के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट और वीडियो साझा कर आंदोलन कारियों के संघर्ष का समर्थन किया। उन्होंने कहा- अपने जायज हक की लड़ाई लड़ रहे बुंदेलखंड के निवासी सम्मान और समर्थन के हकदार हैं।

राहुल ने भरोसा दिलाया कि आदिवासी परिवारों की इस लड़ाई में वे और कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है। उन्होंने आंदोलन कारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके मुद्दों को आगे उठाने की बात कही। आंदोलन कारियों ने राहुल गांधी को बताया कि केन-बेतवा प्रोजेक्ट से पन्ना और छतरपुर जिले के बड़ी संख्या में परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि प्रोजेक्ट के चलते आदिवासी समुदाय को विस्थापन और आजीविका से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित परिवारों ने भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और अपने अधिकारों से जुड़े मुद्दे भी उठाए। आंदोलन कारियों का दावा है कि कई परिवारों को भूमि के बदले भूमि और कानून के तहत मिलने वाले पुनर्वास अधिकार पर्याप्त रूप से नहीं मिले हैं।

आंदोलनकारियों ने प्रोजेक्ट से पन्ना टाइगर रिजर्व के वन क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव का मुद्दा भी उठाया। उनके अनुसार, प्रोजेक्ट के कारण बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित होगा और पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंचने की आशंका है। उन्होंने ग्राम सभा की सहमति और प्रशासनिक प्रक्रिया को लेकर भी सवाल उठाए।

### 'बच्चों को प्रॉपर्टी से ...

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमे अपने बेटे और बहू को घर से निकालने के SDM और जिला मजिस्ट्रेट के आदेश को रद्द कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2007 के कानून की धारा 7 के तहत मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल बनाए गए हैं। धारा 8 के तहत उन्हें कुछ मामलों में सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां हासिल हैं।

वहीं, धारा 27 सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को सीमित करती है। ऐसे में कानून के उद्देश्य को पूरा करने के लिए ट्रिब्यूनल जरूरी और सहायक आदेश जारी कर सकता है।

### 'जेवर मिले नहीं, मौत ...

किसी निर्दोष को फंसाने का सवाल नहीं है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल मामले की जांच दो अहम बिंदुओं पर टिकी है—मौत का वास्तविक कारण और एफआईआर में दर्ज गायब सामान की बरामदगी। दोनों पर तस्वीर जांच और वैज्ञानिक रिपोर्ट आने के बाद ही साफ होगी।

### निर्णय : मोदी सरकार ...

हालांकि, मंत्रियों के यूनिवर्सिटी दौरे का पूरा कार्यक्रम अभी सामने नहीं आया है। बैठक में मंत्रियों की सोशल मीडिया पोस्ट की पहुंच पर भी चर्चा हुई। इसमें खासतौर पर युवा लोगों तक संदेश पहुंचाने के लिए ज्यादा मेहनत करने की बात कही गई।

दिल्ली में 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च के दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया था। इसके बाद सरकार को बड़े विरोध का सामना करना पड़ा और विपक्ष ने संसद के मानसून सत्र की कार्यवाही में रुकावट डाली। इसके बाद ही 25 जुलाई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा हुआ था। NEET पेपर लीक पर जंतर-मंतर पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच पीएम मोदी ने कई बार सोशल मीडिया पर वीडियो जारी किया था।

